जनपद- हमीरपुर

दिनांक 19.10.2026

मिशन शक्ति टीम थाना जलालपुर की तत्परता से मेले में परिजनों से बिछड़ी 05 वर्षीय बच्ची को आधे घंटे में सकुशल खोजकर परिजनों को किया गया सुपुर्द।

आज दिनांक 19.10.2026 को मां महेश्वरी देवी मंदिर, ग्राम भेड़ी डांडा में दर्शन एवं पूजा-अर्चना हेतु अपने परिजनों के साथ आई 05 वर्षीय बच्ची पुत्री पंकज सिंह, निवासी ग्राम छोटी भेड़ी, थाना कदौरा, जनपद जालौन, मंदिर परिसर में अपने परिजनों से बिछड़ गई। इस संबंध में बच्ची की नानी द्वारा मंदिर परिसर में मौजूद मिशन शक्ति टीम थाना जलालपुर को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही मिशन शक्ति टीम एवं मेला प्रभारी उ0नि0 महेन्द्र सिंह यादव द्वारा तत्परता दिखाते हुए बच्ची की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम के अथक प्रयासों से मात्र आधे घंटे के भीतर बच्ची को सकुशल खोज लिया गया तथा आवश्यक पुष्टि के उपरांत उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस टीम की तत्परता एवं सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 महेन्द्र सिंह यादव (मेला प्रभारी)

का0 प्रियांशु सिंह

म0आ0 सानोवर राजा

म0आ0 हरवंश राजा

म0आ0 रजनी

म0आ0 नाज़िया परवीन

हमीरपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर है।